कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. No.NPS/GEN/CORR/2023-24 दिनांक: 16.06.2023

सेवा में,

1. व.ले.अ. (सिविल वेतन)
2. व.ले.अ. (प्रशा वेतन)
3. वे.ले.का (सूची के अनुसार)
4. डी.डी.ओ(सूची के अनुसार)

(रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद के वेबसाइट/मेल के माध्यम से)

विषय : एन. पी. एस निगरानी तंत्र – तिमाही बैठक – 06/23 को समाप्त तिमाही - के संबंध में ।
संदर्भ : मुख्यालय कार्यालय का दिनांक 30.09.2019 का पत्रांक AT-II/NPS/Corrs/V01.

@@@@@

यह सूचित किया जाता है कि वित्तीय सेवा विभाग के दिनांक 21.10.2016 के कार्यालय ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए सचिव (पेंशन) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया जिसमें सचिव, वित्तीय सेवा विभाग एवं सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग शामिल हैं । उक्त समिति ने डी.डी.ओ/कार्यालय प्रमुख, संयुक्त सचिव(प्रशा)/लेखा मुख्य नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार की " तीन-स्तरीय एन.पी.एस निगरानी तंत्र" को सुदृढ़ बनाने करने की सिफारिश की थी। आगे केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में पंजीकरण को मोनिटर करने/ बिना किसी विलंब के डाटा को नियमित रूप से अपलोड करने एवं एन.पी.एस के अंशदान को अविलंब रूप से हस्तांतरित करने के लिए वित्त मंत्रालय ने उनके दिनांक 03.02.2009 के कार्यालय ज्ञापन में संयुक्त सचिव(प्रशा) एवं प्रधान सी.सी.ए/सी.सी.ए की अध्यक्षता में एक समिति को गठित करने का निदेश दिया है।

उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुपालन में तथा केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन से एन.पी.एस में अंशदान के लिए की गयी कटौती को समय पर जमा करना सुनिश्चित करने के लिए और साथ ही साथ एन.पी.एस वित्तीय संरचना में केंद्र सरकार के योगदान को जमा करना सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद के दिनांक 11.11.2019 के पत्रांक NPS Cell/Fen Corr/2019 के अधीन संपूर्ण निरीक्षण एवं बेहतर निगारानी तंत्र के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसके सदस्य निम्नानुसार है :-

1. रक्षा लेखा नियंत्रक (समिति के प्रमुख)
2. ग्रूप अधिकारी (एन.पी.एस)
3. डी.डी.ओ
4. वे.ले.का
5. लेखा अधिकारी(प्रशा वेतन), मुख्य कार्यालय
6. लेखा अधिकारी(सिविल वेतन), मुख्य कार्यालय।
7. व.ले.अ(एन.पी.एस), मुख्य कार्यालय ।

3. सक्षम प्राधिकारी ने दिनांक 19.06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे एन.पी.एस निगरानी तंत्र की 06/23 को समाप्त तिमाही की बैठक को आयोजित करने का निश्चय किया है । बैठक मुख्य कार्यालय, र.ले.नि., सिकंदराबाद के डी.ए.आर.सी हॉल में आयोजित की जाएगी । बैठक का एजेंडा इस प्रकार है :

1. डी.डी.ओ को उनकी भूमिका एवं PROTEAN पोर्टल की गतिविधियों के बारे में सचेत करना ।
2. नव नियुक्तों का पंजीकरण, उनके लिए PRAN जेनरेट करना एवं पहला अंशदान ।
3. प्रत्येक महीने में प्रणाली में मासिक अंशदान का भुगतान ।
4. एन.पी.एस से बाहर निकलने पर निकासी अनुरोध का प्रसंस्करण ।
5. गैर IRA खातों का गैर-अद्यतनीकरण।
6. बहुत पुराने मामलों को निपटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाना।
7. अस्वीकृत एस सी एफ पर त्वरित कार्रवाई करना।
8. PROTEAN द्वारा संचालित "परिचालन समीक्षा रिपोर्ट" पर त्वरित कार्रवाई करना।

4. अतः अनुरोध है कि बैठक को सर्वोच्च प्राथमिका देते हुए बैठक में भाग लें । इस संबंध में secd-npscel-cda@nic.in ई-मेल पते पर पुष्टि करें ।

रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (एन.पी.एस) ने देख लिया है ।

संलग्नः 03/23 को समाप्त तिमाही की बैठक का कार्यवृत।

हस्ता/-

वरिष्ठ लेखा अधिकारी(एन.पी.एस)

प्रतिलिपिः

आई.टी. अनुभाग, स्थानीय - रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी(एन.पी.एस)